# प्रकृति संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी: प्रहलाद सिंह पटेल

**वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली**

विश्व पकृति संरक्षण दिवस पूरे संसार में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रहलाद सिंह पटेल, मंत्री, संस्कृति और पर्यटन (राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार ने रवींद्र भवन परिसर, फीरोजशाह मार्ग, नई दिल्ली में वट, बिल्व, आंवला, जामुन, नीम आदि कई पौधों का रोपण किया। पौध-रोपण के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्री ने अपने संदेश में कहा कि ''आज प्रकृति संरक्षण दिवस है। संस्कृति मंत्रालय ने इसे 'संकल्प दिवस' के रूप में लगभग 15 दिनों तक मनाया और लगभग 13000 पौधों का रोपण किया। हमारे लिए यह कोई 'इवेंट' नहीं बल्कि नैतिक जिम्मेदारी और कर्त्तव्य है। अगर हमारे परिवार में जितने लोग हैं, वे सभी लोग एक-एक पौधे लगाएं और उनकी पूरी तरह देखभाल करें तो प्रकृति समृद्ध हो जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि ''हम धन के द्वारा अपनी संततियों को संरक्षित और संवर्द्धित नहीं कर सकते, लेकिन यदि हम प्रकृति के प्रति अपना कर्त्तव्य और कर्ज महसूस करते हुए प्रकृति का संरक्षण कर सकें तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक पोषक वातावरण दे सकते हैं, नैतिक जिम्मेदारी और कर्त्तव्य है। इसलिए हमें यह कार्य एकनिष्ठ संकल्प और सच्ची अंतःप्रेरणा के साथ करने की आवश्यकता है। 'इस अवसर पर आनंद कुमार, सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, निरुपमा कोतरू, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, के. श्रीनिवासराव, सचिव, साहित्य अकादेमी तथा संस्कृति मंत्रालय के अधिकारीगण एवं संगीत नाटक अकादेमी, ललित कला अकादेमी के विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।